**बिहार सरकार**
**योजना एवं विकास विभाग**

पत्रांक : योस्था04 / 1–14 / 2023 / यो0वि0,पटना, दिनांक जून, 2026

प्रेषक,

**ददन प्रसाद खरवार,**
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

**क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी,**
क्षेत्रीय योजना कार्यालय,
कोशी प्रमंडल, सहरसा

**डाक / ई–मेल**

**जिला योजना पदाधिकारी,**
जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद

विषय : **विभागीय अनापत्ति प्रदान किए जाने के संबंध में।**

प्रसंग : क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा के पत्रांक–134 दिनांक–30.05.2026 और जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद के पत्रांक–562 दिनांक–22.05.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा **सुश्री अजकिया जावेद**, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास सम्प्रति प्रतिनियुक्त क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा, **श्रीमती प्रियंका कुमारी**, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद एवं **श्री श्वेत सुमन**, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद का बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित एकीकृत 72वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने संबंधी आवेदन विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

उक्त आवेदकों द्वारा संबंधित आयोग की परीक्षा में सम्मिलित होने के उपभोग किये गये कुल अवसरों का उल्लेख नहीं किया गया अर्थात् उनके द्वारा विभागीय पत्रांक–1844 दिनांक–13.04.2026 में अंकित निदेश का पूर्णतः अनुपालन नहीं किया गया।

अतः उक्त के आलोक में कहना है कि **सुश्री अजकिया जावेद, श्रीमती प्रियंका कुमारी और श्री श्वेत सुमन** द्वारा उक्त विभागीय पत्र का पूर्णतः अनुपालन क्यों नहीं किया गया ? इस संदर्भ में उनसे स्थिति स्पष्ट कराते हुए पुनः आवेदन विभाग को समर्पित कराया जाय ताकि इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन
ह0 / –
**(ददन प्रसाद खरवार)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : योस्था04/1–14/2023 /यो0वि0,पटना, दिनांक जून, 2026

प्रतिलिपि : सुश्री अजकिया जावेद, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, रोहतास सम्प्रति प्रतिनियुक्त क्षेत्रीय योजना कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा, श्रीमती प्रियंका कुमारी, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद एवं श्री श्वेत सुमन, सहायक योजना पदाधिकारी, जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक : यो0स्था04/1–14/2023 3216 /यो0वि0,पटना, दिनांक 18 जून, 2026

प्रतिलिपि : आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Prasad 18/06/2026

सरकार के उप सचिव